बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-509
30/09/2023

# रामाधार शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 30 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सालिमपुर, बख्तियारपुर के रहनेवाले रामाधार शर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 रामाधार शर्मा हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिये तैयार रहते थे। वे लंबे समय से जदयू झारखण्ड से जुड़े हुये थे। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने स्व0 रामाधार शर्मा के भाई डॉ0 रामबालक शर्मा से दूरभाष पर बात कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******